# विषय : हिंदी

## प्रश्न बैंक

## हिंदी

प्यारे विद्यार्थियो! यद्यपि हिंदी की नौंवी कक्षा की पाठ्य-पुस्तकों के प्रत्येक पाठ के अंत में विद्यार्थियों के लिए अभ्यास दिये गये हैं तथापि यह अनुभव किया कि इन कक्षाओं की पाठ्य-पुस्तकों में कुछ और अभ्यासों की गुंजाइश है। अत: प्रश्न बैंक बनाने की नितान्त आवश्यकता महसूस की गयी।

सर्वप्रथम पाठ्य-पुस्तकों के अभ्यासों का गहन अध्ययन किया गया ताकि यह पता चल सके कि किस पाठ के अभ्यास में पहले से दिए गए प्रश्नों के अलावा अन्य प्रश्न डाले जा सकते हैं, जिनसे विद्यार्थी पढ़ाई में और भी कुशलता प्राप्त कर सकें। अत: पाठ्य-पुस्तकों में जहाँ भी अभ्यासों में और प्रश्न डालने की आवश्यकता प्रतीत हुई, केवल वहीं प्रश्न डाले गये हैं।

इस प्रश्न बैंक का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को सम्बन्धित पाठ का समुचित एवं अपेक्षित ज्ञान देना है। हमें पूर्ण आशा है कि विद्यार्थी इस प्रश्न बैंक से पूर्णत: लाभान्वित होंगे।

प्रश्न बैंक को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए क्षेत्र से आए सभी सुझाव साभार स्वीकार किये जायेंगे।

**नोट** : नये प्रश्न-पत्र के प्रारूप को ध्यान में रखते हुये सिर्फ प्र० नं० 1 के 'क' भाग में ही दिये प्रश्नों के लिये अभ्यासार्थ प्रश्न बैंक तैयार किया गया है।

रेनु बाला

**श्रीमती रेनु बाला**
हिन्दी मिस्ट्रैस
सरकारी सैकेण्डरी स्कूल, मटौर-70
जिला-एस.ए.एस. नगर, मोहाली
मो. 8146911000

सुधा जैन

**श्रीमती सुधा जैन**
हिन्दी मिस्ट्रैस
सरकारी कन्या सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, सोहाणा,
जिला-एस.ए.एस. नगर, मोहाली
मो. 9988310624

**प्रश्न – बैंक**

**कक्षा – नवमीं**

**विषय – हिन्दी**

**भाग (क)**

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न
2. एक वाक्य में उत्तर दें: –
3. भाषा के कितने रूप हैं? नाम लिखें।
4. भाषा की परिभाषा लिखो।
5. बोली की परिभाषा लिखो।
6. लिपि की परिभाषा बताओ?
7. हिन्दी भाषा की लिपि कौन सी है?
8. पंजाबी भाषा की लिपि का नाम लिखिए।
9. अंग्रेजी भाषा की लिपि कौन सी है?
10. देवनागिरी लिपि किस–किस भाषा की है?
11. नेपाली और मराठी भाषा की लिपि बताओ।
12. रोमन लिपि किस–किस भाषा की है?
13. व्याकरण की परिभाषा लिखो।
14. व्याकरण के कितने अंग है, नाम लिखो?
15. भाषा में प्रयोग होने वाली सबसे छोटी ध्वनि को क्या कहते है?
16. वर्ण की परिभाषा लिखो।
17. वर्णमाला की परिभाषा लिखो ।
18. वर्ण के भेद लिखो ।

19. स्वर की परिभाषा लिखो ।

20. स्वर के भेद लिखो ।

21. व्यंजन की परिभाषा लिखो ।

22 व्यंजन के भेद लिखो ।

23. स्पर्श व्यंजन की परिभाषा लिखो ।

24. अन्त:स्थ व्यंजन की परिभाषा लिखो ।

25 ऊष्म व्यंजन की परिभाषा लिखो ।

26 अयोगवाह, अनुस्वार, अनुनासिक के दो-दो उदाहरण लिखें ।

27 ऐसे वर्ण बताओ जो न स्वर है न व्यंजन, बताओ ।

28 जिन वर्णों के उच्चारण में हवा केवल नाक से निकलती है।(कोई दो शब्द लिखो)

29 जिन वर्णों के उच्चारण के समय हवा नाक और मुख दोनों में से निकलती है। (कोई दो शब्द लिखो)

प्रश्न - बैंक

कक्षा - नवमीं

विषय - हिन्दी

(भाग - क)

प्र. न. 1

1. श्री कृष्ण यशोदा से क्या खाने की माँग कर रहे हैं?
2. यशोदा श्री कृष्ण को दूर खेलने क्यों नहीं जाने देती?
3. यशोदा श्री कृष्ण को दूध पीने के लिए क्या प्रलोभन देती है?
4. कबीर जी ने सच्चासाधु किसे कहा है?
5. कबीर जी ने वास्तविक विद्वान किसे कहा है?
6. कबीर जी ने समय के सदुपयोग पर क्या संदेश दिया है?
7. कबीर के अनुसार ईश्वर किसके हृदय में वास करता है?
8. कवि ने कर्मवीर व्यक्ति के कौन-कौन से गुण 'कर्मवीर' कविता में बताए हैं?
9. जीवन में बाधाओं को देखकर वीर पुरुष क्या करते हैं।
10. सच्चे कर्मवीर व्यक्ति समय का सदुपयोग किस प्रकार करते है?
11. समाधि में छिपी राख की ढ़ेरी किसकी है?
12. रण में वीरगति को प्राप्त होने से वीर का क्या बढ़ जाता है?
13. रानी लक्ष्मीबाई को कवयित्री ने 'मरदानी' क्यों कहा है?
14. पेड़ ने क्या सीख प्राप्त की है?
15. पेड़ मिट्टी के अतिरिक्त और किसको श्रेय देता है?
16. कविता में दशम नानक किसे कहा गया है?
17. मरजीवा शब्द का क्या अर्थ है?

18. गुरू जी ने वीरों की पहचान क्या बताई?

19. पाँच मरजीवों के नाम लिखें।

20 अकाल पुरुष का फरमान क्या था?

21. जुम्मनशेख की गाढ़ी मित्रता किसके साथ थी?

22. बूढ़ी खाला ने पंच किसको बनाया?

23. अलगू ने अपना फैसला किसके पक्ष में दिया?

24. खाला ने जुम्मन को क्या धमकी दी?

25. एक बैल के मर जाने पर अलगू ने दूसरे बैल का क्या किया?

26. समझू साहू ने बैल का कितना दाम चुकाने का वादा किया?

27. मुन्नी के लिए पाजेब कौन लाया?

28 मुन्नी के लिए पाजेब मिलने के बाद आशुतोष भी किस चीज़ के लिए जिद्द करने लगा।

29. आशुतोष को किस चीज़ का शौक था?

30 गुम हुई पाजेब कहाँ से मिली?

31 . नीरू की दिनचर्या क्या थी?

32 पिता का दुलार पाकर नीरू क्या भूल जाती थी?

33. सभापति ने कौन सा निर्णय सुनाया

34 घर लौटते समय नीरू खुश क्यों थी?

35. कॉलेज की लड़कियाँ हफ्तों से किस की सजावट में जुटी थीं? ('दो हाथ' कहानी के आधार पर लिखें)

36 परिवार वाले हर रोज़ किसकी राह देखते थे। ('साए' कहानी के आधार पर उत्तर दें)

37 घर का मुखिया कारोबार करने कहां गया था हुआ था। ('साए' कहानी के आधार पर उत्तर दें)

38 अज्जू बड़ा होकर क्या बनना चाहता था? ('साए' कहानी के आधार पर उत्तर दें)

39 अज्जू को नैरोबी में मिला वृद्ध व्यक्ति कौन था? ('साए' कहानी के आधार पर उत्तर दें)

40 लेखक को कॉलेज में पुरस्कार में कौन-सी घड़ी मिली थी? (वह चिड़िया एक अलार्म घड़ी थी..............पाठ के आधार पर उत्तर दें।

41. बाज़ार में अलार्म घड़ियों की माँग क्यों घटने लगी है?

42. चिड़िया ने लेखक को कौन सा रत्न दिया?

43. 'नींव की ईंट' पाठ के आधार पर बताएं कि दुनिया क्या देखती है?

44 लेखक ने नींव की ईंट किसे बताया है? (नीवं की ईंट पाठ के आधार पर उत्तर लिखें)

45. किसकी हड्डियों के दान ने वृत्रासुर का नाश किया?

46. इमारत का होना ना होना किस बात पर निर्भर करता है?

47 सुख का स्वाद किन लोगों का अधिक प्राप्त है। ('हिम्मत और जिंदगी' पाठ के आधार पर उत्तर दें)

48 महाभारत का युद्ध किन-किन के मध्य हुआ? ('हिम्मत और जिंदगी' पाठ के आधार पर उत्तर दें)

49 लेखक ने किन्हे क्राँति करने वाले लोग कहां है। ('हिम्मत और जिंदगी' पाठ के आधार पर उत्तर दें)

50 'त्यक्तेन भुंजीयाः का अर्थ क्या है? ('हिम्मत और जिंदगी' पाठ के आधार पर उत्तर दें)

51 लेखक ने किन्हें क्राँति करने वाले लोग कहा है। ('हिम्मत और जिंदगी' पाठ के आधार पर उत्तर दें)

52. मदन लाल ढींगरा का जन्म कब हुआ? ('महान राष्ट्र-भक्त मदन लाल ढींगरा' पाठ के आधार पर लिखें)

53 मदन लाल ढींगरा किस क्राँतिकारी संस्था के सदस्य थे?

54 मदन लाल ढ़ींगरा को फाँसी की सजा कब दी गई?

55 मदन लाल ढ़ींगरा को लाहौर कॉलेज की पढ़ाई क्यों छोड़नी पड़ी

56 वे इग्लैंड में कौन सी पढ़ाई करने गए थे? ('महान राष्ट्र-भक्त मदन लाल ढींगरा' पाठ के आधार पर लिखें)

57 नशे के अंतहीन चक्रव्यूह में कौन फँस जाता है?

58. नशे के चक्रव्यूह में फँसा आदमी क्या कुछ लुटा देता है? (एक अंतहीन चक्रव्युह पाठ के आधार पर उत्तर दें।

59 व्यस्न या ड्रग एडिक्शन किसे कहते हैं?

60 कौन-कौन सी संस्थाएं नशामुक्ति की सुविधाएं प्रदान कर रही है?

61 बचेन्द्रीपाल ने बचपन में क्या दृढ़ निश्चय कर लिया था?

62 बचेंद्री पाल ने किन मैदानी खेलों में कप जीते?

63 एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली प्रथम भारतीय महिला कौन है

64 रैपलिंग का क्या अर्थ है?

65 बचेंद्री पाल को कौन-कौन से पुरस्कार दिये गये?

66 ग्राहकों को किस तरह अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है?

67 उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए सरकार ने 1986 में कौन-सा कानून लागू किया?

68 उत्पादक किस तरह ग्राहकों को प्रभावित करते है?

69 उपभोक्ता अधिकांश तौर पर सामान खरीदते समय बिल क्यों नहीं लेते?

70 उपभोक्ता को अपने अधिकारों के हनन की शिकायत कितने वर्षो के भीतर करनी चाहिए। (कैसे बचें उपभोक्ताधोखधड़ी से) पाठ के आधार पर उत्तर दें)

71. शिवाजी कौन थे?

72. मोरोपंत कौन था?

73 आवाजी सोनदेव कौन थे?

74 शिवाजी की प्रसन्नता एकाएक लुप्त कैसे हो गई थी?

75 मोरोपंत शिवाजी को आकर क्या शुभ समाचार देता है?

76 शिवाजी पर स्त्री को क्या समझते थे?

77 शिवाजी ने अंत में क्या घोषणा की?

78 सूर्यदेव को किस ग्रह की चिंता थी? (प्रकृति का अभिशाप)

79 पवनदेव ने ऑक्सीजन कम होने का क्या कारण बताया?

80 ओज़ोन परत क्या है?

81 प्रदूषण से मुक्ति दिलाने की बात किसने सूर्यदेव से की

82 जलदेवी के अनुसार पृथ्वी के वातावरण को विषाक्त कौन बना रहा है?

83 वनदेवी ने अपने घटने का क्या कारण बताया?

**प्रश्न – बैंक**

**कक्षा – नवमीं**

**विषय – हिन्दी**

**(भाग – क)**

1. वर्णों के व्यवस्थित समूह को ____________________कहते हैं।
2. स्वर ___________________ प्रकार के होते हैं।
3. व्याकरण के ______________अंग माने जाते है।
4. लिपि चिह्नों के व्यवस्थित रूप को ____________कहा जाता है।
5. मौखिक भाषा की आधारभूत इकाई ____________है।
6. हिंदी की लिपि ____________है।
7. पंजाबी की लिपि का नाम __________है।
8. रोमन लिपि में लिखी जाने वाली एक भाषा _____________ भी है।
9. पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द ____________कहलाते हैं।
10. स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द _____________कहलाते है।
11. हिन्दी में वचन ________________प्रकार के होते हैं।
12. वचन की पहचान _________ __________या क्रिया से होती है।
13. भाषा के _________रूप है।
14. मन के भावों, विचारों को बोलकर या लिखकर प्रकट करने वाले साधन को _________कहते हैं।
15. लिखित भाषा की आधारभूत इकाई ______हैं।
16. किसी छोटे से क्षेत्र में बोले जाने वाले भाषा के स्थायी रूप को ________को कहते हैं।
17. बायीं ओर से दायीं ओर लिखी जाने वाली भाषा ________है।

18. भाषा के वर्णों को __________, ___________दो भागों में बाँटा जाता है।

19. अनुस्वार का चिह्न _____________है।

20. अनुनासिक का चिह्न ___________है।

21. जब स्वर वर्ण किसी व्यंजन वर्ण से मिलते है वो उनका रूप बदल जाता है, इस बदले रूप को __________कहते है।

22. किसी भी व्यंजन का प्रयोग जब स्वर के बिना किया जाता है तो उसके नीचे एक तिरछी सी रेखा लगाई जाती है, जिसे ____________कहा जाता है।

23. किसी शब्द के वर्णों को पृथक-पृथक करके लिखने को __________विच्छेद कहते हैं।

24. एक या एक से अधिक ध्वनियों की इकाई को ___________कहते हैं।

25. भाषा में प्रयोग होने वाली छोटी ध्वनि को ______कहते हैं।

## नमूना पेपर – 1

कक्षा – नौवीं

कुल अंक – 90

**प्र.1 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

(क) भाषा किसे कहते है?

(ख) हिन्दी भाषा की लिपि कौन सी है?

(ग) नेपाली और मराठी भाषाओं की लिपि कौन सी है?

(घ) वचन कितने प्रकार के होते हैं?

(ड) व्याकरण के मुख्य कितने अंग है? नाम लिखिए। (5)

**प्र.2 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

(क) शिवाजी पर स्त्री को किसके समान मानते थे?

(ख) यशोदा श्रीकृष्ण को किस प्रकार सुला रही है?

(ग) जीवन में बाधाओं को देखकर वीर पुरुष क्या करते हैं?

(घ) अकबर ने कितने वर्ष की आयु में अपने पिता के दुश्मन को हराया था?

(ड) लेखक ने नींव की ईंट किसे बताया है? (5)

**प्र.3 (i) निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

(क) अंग्रेजी की लिपि का नाम लिखिए।

(ख) वर्णमाला किसे कहते हैं?

(ग) किसी एक शब्द वर्ण – विच्छेद कीजिए – बचपन, गरीब

(घ) किसी एक शब्द का शुद्ध रूप लिखें – सकूल, आम्बा

(ड) किसी एक तद्भव शब्द का तत्सम शब्द लिखे – गाँव, मौर

(च) किसी एक शब्द के मूल शब्द व उपसर्ग अलग -करके लिखें-

बैचैन, अहिंसा

(छ) किसी एक शब्द के मूल शब्द व प्रत्यय अलग-अलग करके लिखें-

शक्तिमान, ननिहाल

(ज) किसी एक का लिंग परिवर्तन कीजिए-नाई, बालक

(झ) किसी एक का वचन परिवर्तन कीजिए-बेटे, पुस्तक

(ञ) किसी एक वाक्य में विराम चिह्न लगाइए-

(i) अहा कितना सुन्दर दृश्य है

(ii) माँ प्यार से बेटा चल खाना खा ले (10)

(ii) किसी एक काव्यांश की सप्रंसग व्याख्या कीजिए:

(क) जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ी रहने दो म्यान।।

(ख) जो कभी अपने समय को यों बिताते हैं नहीं
काम करने की जगह बातें बनाते हैं नहीं
आज कल करते हुए जो दिन गंवाते हैं नहीं
यत्न करने से कभी जो जी चुराते है नहीं
बात है वह कौन जो होती नहीं उनके लिए
वे नमूना आप बन जाते हैं औरों के लिए।। (5)

प्र.4. कोई चार प्रश्नों के उत्तर 2-3 पंक्तियों में दीजिए-

(क) लेखक को आशुतोष पर पाजेब चुराने का संदेह क्यों हुआ?

(ख) नशा करने से कौन-कौन सी भयकर बीमारियाँ लगती हैं?

(ग) महाभारत का युद्ध किन-किन के मध्य हुआ था?

(घ) अज्जू बड़ा होकर क्या बनना चाहता था?

(ड) एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली प्रथम भारतीय महिला कौन है?

(च) शिवाजी किस तरह के सच्चे स्वराज्य की स्थापना करना चाहते थे? (10)

प्र.5. कोई चार प्रश्नों के उत्तर 5-6 पंक्तियों में दीजिए-

(क) नींव की ईंट और कँगूरे की ईंट दोंनो क्यों वन्दनीय हैं?

(ख) नीरू का चरित्र -चितण कीजिए।

(ग) साहसी व्यक्ति के कोई पांच गुण लिखें।

(घ) उपभोक्ता को सामान खरीदते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

(ड) 'पंच परमेशवर' कहानी का उद्देश्य कीजिए। (20)

प्र.6. किसी एक विषय पर प्रार्थना-पत्र लिखिए:-

अपनी माता जी को वार्षिक परिणाम का विवरण देते हुए, पत्र लिखें ।

अथवा

अपने पुराने स्कूल के अध्यापक को पत्र लिखें जिसमें उन्हें अच्छा पढ़ाने के लिए साधुवाद प्रकट किया गया हो तथा भविष्य में मार्गदर्शन की अपेक्षा की गई है। (8)

(ख) किसी एक अनुच्छेद पर लिखिए:-

(i) पुस्तकालय के लाभ (ii) हिन्दी भाषा की उपयोगिता

(iii) जल के प्रयोग में व्यवहारिकता (7)

(ग) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

कर्मशील व्यक्ति अपने मार्ग में आने वाली रूकावटों का निडरता से सामना करते हैं। वे अपने किसी भी काम में टालमटोल नहीं करते अपितु हर काम को समय पर करते हैं। कर्मठ व्यक्ति कोरी बांते बनाने की अपेक्षा स्वयं कुछ कार्य करके दिखलाते हैं और दूसरों के लिए मिसाल पैदा करते हैं।

(i) अपठित गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) कर्मशील व्यक्ति रूकावटों का सामना कैसे करते हैं?

(iii) स्वयं काम करके कर्मशील व्यक्ति क्या करते हैं?

(iv) कठिन शब्दों के अर्थ लिखिए:- मिसाल, रूकावट (6)

(घ) कोई चार मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें:-

आँखे खुलना, जान पर खेलना, फूले न समाना, दूध का दूध पानी का पानी, मुँह फुलाना, चैन की साँस लेना। (4)

(ड) कोई चार लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें:

ऊँची दुकान फीका पकवान, एक हाथ से ताली नहीं बजती, जान है तो जहान है, मान न मान मैं तेरा महमान, मन चंगा तो कठौती में गंगा। (4)

(च) निम्नलिखित पंजाबी वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद करें- (कोई छः)

(i) ਸਾਨੂੰ ਪ੍ਰਭੂ ਵਿੱਚ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਰੱਖਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

(ii) ਭਾਰਤ ਦੇਸ਼ ਮੇਰੀ ਆਨ, ਬਾਨ ਅਤੇ ਸ਼ਾਨ ਹੈ।

(iii) ਸਾਡੀ ਅਧਿਆਪਕਾ ਸਾਨੂੰ ਬਹੁਤ ਪਿਆਰ ਨਾਲ ਪੜ੍ਹਾਉਂਦੀ ਹੈ।

(iv) ਸ੍ਰੀ ਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਦੀ ਮਾਤਾ ਦਾ ਨਾਂ ਦੇਵਕੀ ਸੀ।

(v) ਰਾਜਘਾਟ ਤੇ ਮਹਾਤਮਾ ਗਾਂਧੀ ਜੀ ਦੀ ਸਮਾਧ ਹੈ।

(vi) ਢੋਲ ਦੀ ਆਵਾਜ਼ ਸੁਣ ਕੇ ਅਸੀ ਸਾਰੇ ਘਰ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਆ ਗਏ।

(vii) ਮਿਠਾਸ ਅਤੇ ਨਿਮਰਤਾ ਸਾਰੇ ਗੁਣਾਂ ਦਾ ਨਿਚੋੜ ਹੈ।

(viii) ਨਫ਼ਰਤ ਉੱਤਰ ਪ੍ਰੇਮ ਨਾਲ ਜਿੱਤ ਪ੍ਰਾਪਤ ਕਰੋ। (6)

# नमूना पेपर – 2

## कक्षा – नौवीं

कुल अंक – 90

**प्र.1. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

1. भाषा के कितने रूप होते है?
2. गुरुमुखी भाषा की कौन सी लिपि है?
3. वर्ण किसे कहतें है?
4. रोमन लिपि किस भाषा की है?
5. लिपि की परिभाषा लिखो? (5)

**प्र.2. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

1. यशोदा श्री कृष्ण को खेलने के लिए दूर क्यों नहीं जाने देती?
2. श्री कृष्ण यशोदा से क्या खाने की माँग करते हैं?
3. सच्चे कर्मवीर व्यक्ति समय का सदुपयोग किस प्रकार करते हैं?
4. 'नींव की ईंट पाठ के आधार पर बतायें कि दुनिया क्या देखती है?
5. सभापति ने कौन सा निर्णय सुनाया? ''दो हाथ'' कहानी के आधार परे लिखें। (5)

**प्र.3. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिएः –**

1. हिन्दी की दो उपभाषाओं के नाम लिखें?
2. स्वर के कितने भेद हैं? उनके नाम लिखिए।
3. किसी एक शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए – आराम और परबत
4. किसी एक शब्द का शुद्ध रूप लिखें – अधआपक, आगयाकारी
5. किसी एक तद्भव शब्द का तत्सम रूप लिखें – पाँच, सूरज
6. किसी एक शब्द के मूल शब्द व उपसर्ग अलग करके लिखें –

   अत्यन्त, सरपंच

7. किसी एक शब्द के मूल शब्द व प्रत्यय अलग करके लिखें-

मधुरता, ससुराल

8. किसी एक शब्द का लिंग परिवर्तन कीजिए:- अध्यापक, माली

9. किसी एक शब्द का वचन परिवर्तन कीजिए:- कलम, रानी

10. किसी एक वाक्य में विराम-चिह्न लगाइए-

1. बच्चों इधर मत खेलों
2. हाय राम कैसा अनर्थ हो रहा है। (10)

**प्र.4 किसी एक काव्याशं की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –**

मैया कबहुँ बढ़ैगी चौटी।

किती बोर मोहि दूध पियत भई, यह अजहूं है छौटी।

तू जो कहति बल की बेनी ज्यों; हवै है लांबी मोटी।

काढ़त, गुहत, नहावत, पौंछत, जैहै नागिन-सी भुई लोटी।

कांचो दूध पियावति पचि पचि, देति न माखन रौटी।।

सूरदास चिरजीवौ दोउ भैया, हरि हलधर की जोटी।।

अथवा

बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय।

जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय।। (5)

**प्र.5. कोई चार प्रश्नों के उत्तर 2–3 पंक्तियों में दीजिए –**

1. गुम हुई पाजेब कहाँ से मिली?
2. महाभारत का युद्ध किन-किन के मध्य हुआ था?
3. जीवन में असफलताएँ मिलने पर भी साहसी मनुष्य क्या करता है?
4. नशा करने से कौन-कौन सी भंयकर बीमारियाँ होती है?
5. मदन लाल ढ़ींगरा ने अंग्रेजों से बदला लेने की क्यों ठानी? (10)

**प्र.6. कोई चार प्रश्नों के उत्तर 5 – 6 पंक्तियों में दीजिए –**

1. वृद्ध व्यक्ति ने अज्जु और उसके परिवार की देखभाल में क्या भूमिका निभाई और क्यों?
2. आज देश को कैसे नौजवानों की जरूरत है? 'नींव की ईंट' पाठ के आधार पर लिखें।
3. शिवाजी किस तरह के सच्चे स्वराज्य की स्थापना करना चाहते थे? ('शिवाजी का सच्चा स्वरूप' एकांकी के आधार पर लिखें)
4. आशुतोष का चरित्र-चित्रण कीजिए। ('पाजेब' कहानी के आधार पर उत्तर दें)
5. शहीद मदन लाल ढ़ीगरा के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? (20)

**प्र.7. किसी एक विषय पर प्रार्थना पत्र लिखिएः –**

अपने फुफेरे भाई को राखी भेजते हुए पत्र लिखें:-

अथवा

आपका नाम सुधीर वर्मा है। आप 2561; सेक्टर-22 नोएडा में रहते हैं। आपको सूचना मिली है कि आपको मित्र के पिता जी का अचानक मृत्यु हो गई है। इस सम्बन्ध में उसे सान्त्वना देते हुए पत्र लिखें। (8)

**प्र.8 किसी एक अनुच्छेद लेखन लिखिए –**

मोबाइल फोन और विद्यार्थी

अथवा

मन के हारे हार हैं, मन के जीते जीत

अथवा

परीक्षा से एक दिन पूर्व (7)

**प्र.9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

मनोरंजन का जीवन में विशेष महत्त्व है। दिनभर की दिनचर्या से थका–मांदा मनुष्य रात को आराम का साधन खोजता है। यह साधन है मनोरंजन। मनोरंजन मानव जीवन में संजीवनी बूटी का काम करता है। यही आज के मानव के थके–हारे शरीर को आराम की सुविधा प्रदान करता है। यदी आज के मानव के पास मनोरंजन के साधन न होते तो उसका जीवन नीरस बन कर रह जाता है। यह नीरसता मानव जीवन को चक्की की तरह पीस डालती और मानव सघर्ष और परिश्रम करन के योग्य भी न रहता।

1. मनोरंजन का क्या अर्थ है?
2. यदि मनुष्य के पास मनोरंजन के साधन न होते तो उसका जीवन कैसा होता?
3. नीरस मानव जीवन का सबसे बड़ा नुक्सान क्या होता है?
4. रेखांकित शब्दों के अर्थ लिखिए।
5. उचित शीर्षक दें। (6)

**प्र.10 कोई चार मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें: –**

कालेजा ठंडा होना, माथा ठनकना, ईद का चाँद होना, कान का कच्चा, बातें बनाना, नमूना बनना। (4)

**प्र.11. कोई चार लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें: –**

ऊँची दुकान फीका पकवान, दूध का दूध पानी का पानी, घर की मुर्गी दाल बराबर, नाच न जाने आँगन टेढ़ा, बगल में छुरी मुँह में राम–राम, नीम हकीम खतरा जान। (4)

**प्र.12. निम्नलिखित पंजाबी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करे: – (कोई छः)**

1. ਰਮਨ ਦਸਵੀਂ ਸ਼੍ਰੇਣੀ ਦਾ ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਹੈ।
2. ਘਰ ਵਾਂਗ ਸਕੂਲ ਵਿੱਚ ਵੀ ਸਫ਼ਾਈ ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ।
3. ਮਿਹਨਤੀ ਆਦਮੀ ਹਮੇਸ਼ਾ ਸਫ਼ਲ ਹੁੰਦਾ ਹੈ।

4. ਸਿਆਣਾ ਇਨਸਾਨ ਖਾਲੀ ਸਮੇਂ ਦਾ ਸਦਉਪਯੋਗ ਕਰਦਾ ਹੈ।

5. ਅਖਬਾਰ ਦਾ ਸਾਡੇ ਜੀਵਨ ਵਿੱਚ ਮਹਤੱਵਪੂਰਨ ਸਥਾਨ ਹੈ,

6. ਦੋਸਤਾਂ ਨਾਲ ਕਦੇ ਵੀ ਹੇਰਾਫੇਰੀ ਨਹੀਂ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ।

7. ਮਾਤਾ-ਪਿਤਾ ਦੀ ਸੇਵਾ ਕਰਨਾ ਸਾਡਾ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਡਾ ਧਰਮ ਹੈ।

8. ਖੇਡਾਂ ਸਾਨੂੰ ਅਨੁਸ਼ਾਸਨ ਵਿੱਚ ਰਹਿਣਾ ਸਿਖਾਉਂਦੀਆਂ ਹਨ। (6)